Regarding need to set up a Trauma Centre at Gajraula on National Highway 9-Laid

श्री कंवर सिंह तंवर (अमरोहा) : मैं आपका ध्यान राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 9 की ओर आकर्षित करता हूँ । यह राजमार्ग मेरे संसदीय क्षेत्र, अमरोहा से गुजरता है इसमें प्रतिदिन बड़ी संख्या में दुर्घटनाएं होती रहती हैं । दुर्घटनाओं में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों के घायल और हताहत होने की सूचना मिलती रहती है । इस एनएच के गजरौला क्षेत्र में चिकित्सा सहायता के अभाव में घायलों को उपचार के लिए आसपास के शहरों के अन्य हिस्सों में लंबी दूरी तय कर जाना पड़ता है । दिल्ली और हरियाणा सहित सभी पड़ोसी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में हिंदू लोग विभिन्न त्योहारों पर गंगा नदी में पवित्र स्नान के लिए आध्यात्मिक स्थल गढ़मुकेश्वर आते हैं । इन त्योहारों पर हजारों की संख्या में लोग जुटते हैं । इसके अलावा, सप्ताह अंत में जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क, नैनीताल जाने वाले पर्यटकों की आवाजाही से भी इस राजमार्ग में वाहनों की भारी वृद्धि होती है । राष्ट्रीय राजमार्ग 9 - गजरौला में कोई ट्रॉमा सेंटर नहीं है, इसलिए मैं माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री से अनुरोध करता हूँ कि कृपया प्राथमिकता के आधार पर गजरौला में ट्रॉमा सेंटर स्थापित किया जाए ताकि दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को त्वरित उपचार मिल सके ।